# नवीन ने एमएमएसपीवाई के तहत प्रति वर्ष १०० करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार लॉन्च किया

**भुवनेश्वर:** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षा पुरस्कार योजना (एमएमएसपीवाई) के तहत राज्य में ५टी योजनाओं के तहत रूपांतरित स्कूलों के लिए प्रति वर्ष १०० करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की शुरुआत की।
इस योजना के तहत छात्रों, शिक्षण संस्थानों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, सरपंच, स्कूल प्रबंध समिति और पुराने छात्रों को उनकी उत्कृष्टता और योगदान के लिए पुरस्कार दिया जाएगा।
पुरस्कार ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर ५०,००० छात्रों, १५०० प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, स्कूल प्रबंध समिति, सरपंचों और पुराने छात्रों को दिया जाएगा।
यह घोषणा यहां राजकीय हाई स्कूल यूनिट-९ में आयोजित बाल दिवस समारोह के समापन अवसर पर की गई।
पटनायक ने एचएससीई और सीएचएसई छात्रों के लिए डिजी लॉकर सिस्टम भी लॉन्च किया। इस वर्चुअल लॉकर में विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं अन्य दस्तावेज सुरक्षित रूप से रखे जा सकते हैं तथा आसानी से उपलब्ध कराये जा सकते हैं तथा इस व्यवस्था में चोरी अथवा खो जाने की कोई सम्भावना नहीं रहेगी।
इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों के लिए समय महत्वपूर्ण है, अगर छात्र सही समय पर सही काम करते हैं तो वे आगे रह सकते हैं।
उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ नृत्य, गायन और खेलकूद में भी उत्कृष्टता प्राप्त करें और अपनी एक पहचान बनाएं।
पटनायक ने छात्रों को आपस में वैज्ञानिक अभिरुचि विकसित करने, समय के साथ चलने, परिवर्तन को स्वीकार करने और समय की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार होने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को न भूलें और जीवन में उनके विकास में बहुत योगदान देने वाले शिक्षकों, परिवार, अपने गांव और स्कूल का सम्मान करें।

# ओडिशा में उद्योगपतियों के हाथ में है जंगल जमीन, वापस नहीं लाए तो होगा आन्दोलन: कांग्रेस

भुवनेश्वर:ओडिशा सरकार का उद्योगपति प्रेम अब सबके सामने आ गया है। राज्य सरकार जंगल जमीन को उद्योगपतियों को औने-पौने दामों पर दे रही है। इससे उक्त स्थान पर रहने वाले वन्यप्राणियों के आवास समाप्त हो जाएंगे, यह जानने के बाद भी सरकार को इसकी तनिक भी चिंता नहीं है।
कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि राज्य सरकार तत्काल अपनी इस नीति को वापस ले और उक्त परियोजना को अन्यत्र स्थानांतरित करें, वरना कांग्रेस आंदोलन करने को मजबूर हो जाएगी।
कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी नेता देवाशीष पटनायक ने कहा कि राज्य सरकार ने 'कटक आग्रोवेट नामक कंपनी को भुवनेश्वर से १५ किलोमीटर दूर मौजूद २६ एकड़ वन भूमि को महज ६७ लाख रुपये में दी है। उक्त कंपनी का मालिक दिल्ली में रहता है।
उक्त जंगल में बहुत सारे जंगली जानवर रहते हैं जबकि हाथी भी विचरण करते हैं। यदि यहां कोई उद्योग लगता है तो उससे निकलने वाले धुएं और धूल का असर पक्षियों के आवास और जीवन पर पड़ेगा। राज्य सरकार ने एक झूठी पल्ली सभा करके ऐसी परियोजना को मंजूरी दी है। कांग्रेस ने सवाल किया है कि ऐसी परिस्थिति में यहां उद्योग को अनुमति कैसे मिल गई।
कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर परियोजना को तुरंत दूसरी जगह स्थानांतरित नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस; स्वतंत्र प्रेस एक मजबूत लोकतंत्र के चार स्तंभों में से एक है

जाजपुर; एक स्वतंत्र और स्वतंत्र प्रेस एक मजबूत लोकतंत्र के चार स्तंभों में से एक है। भारत में एक स्वतंत्र और स्वतंत्र प्रेस के महत्व को उजागर करने के लिए हर साल १६ नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है। भारतीय प्रेस परिषद एक स्वतंत्र संस्था है। प्रेस दिवस भारत को लोकतंत्र बनाने में उनके योगदान का सम्मान करने के लिए भी मनाया जाता है।
यह दिन भारत में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की उपस्थिति का प्रतीक है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। कहा जाता है कि पत्रकार समाज का आइना होते हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी सच सामने लाते हैं। यह दिन प्रेस की स्वतंत्रता और समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारियों का प्रतीक है। भारतीय प्रेस परिषद ने इस दिन कार्य करना शुरू किया था। प्रथम प्रेस आयोग १९५६ ने भारत में पत्रकारिता की नैतिकता और प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एक समिति की कल्पना की। इसने १० साल बाद एक प्रेस परिषद का गठन किया। भारतीय प्रेस परिषद विश्वसनीयता बरकरार रखने के लिए सभी पत्रकारिता गतिविधियों की निगरानी करती है। भारतीय प्रेस परिषद देश में एक स्वस्थ लोकतंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
यह यह भी सुनिश्चित करता है कि भारत में प्रेस किसी बाहरी मामले से प्रभावित न हो। ग्रामीण विकास, कौशल विकास एवं तकनीकी मंत्री प्रीतिरंजन घदाई ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस का अवसर हमें याद दिलाता है कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के कारण ही देश में एक जिम्मेदार प्रेस है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं। जाजपुर के विधायक और बीजद के राज्य संगठन सचिव प्रणब प्रकाश दास ने कहा कि अगर किसी देश में जिम्मेदार और कर्तव्यपरायण प्रेस नहीं है, तो देश प्रगति और समृद्धि नहीं कर सकता है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बहुत-बहुत बधाई। आईएएस डॉ. सुरेश चंद्र दलाई ने कहा कि न केवल वर्तमान बल्कि देश का भविष्य भी काफी हद तक प्रेस के हाथों में है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस की हार्दिक बधाई। सामाजिक कार्यकर्ता रचिता मिश्रा ने कहा कि आइए हम सभी प्रेस पेशेवरों को अपना काम करने और दुनिया भर की नवीनतम घटनाओं के साथ हमारी सेवा करने के लिए धन्यवाद देते हुए राष्ट्रीय प्रेस दिवस का अवसर मनाएं। एडीएम अक्षय कुमार मल्लिक ने कहा कि प्रेस एक है वह चीज जो हमें दुनिया से जोड़ती है और इसलिए हमें उसका शुक्रिया अदा करना चाहिए। राष्ट्रीय प्रेस दिवस की हार्दिक बधाई।समाजसेवी हिमांशु शेखर साहू ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता का जश्न मनाए बिना राष्ट्रीय प्रेस दिवस का समारोह अधूरा है। सभी को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।






## बिरसा मुंडा १४७वा जन्म जयंती पर खनन क्षेत्र बोलानी और गुआली में पुष्पमाला अर्पण कर दिए श्रद्धांजलि



बड़बिल:केंदूझर जिला खनन क्षेत्र के कई जगह पर महान आदिवासी स्वतंत्रता संग्रामी बिरसा मुंडा का १४७वा जन्म जयंती पालन किया गया। बड़बिल तहसील अंतर्गत भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) बोलानी टाउनशिप स्थित बिरसा चौक में बोलनी जनजाति समाज और बिरसा मुंडा क्लब की तरफ से जयंती की पालन किया गया। इस अवसर पर सेल महाप्रबंधक सीसी दुरुचरण हेम्ब्रम सम्मनित अतिथि बालगोदा सरपंच गौरी खूंटिआ, महाप्रबंधक सिविल उमेश खूंटिआ, खान प्रबंधक बिभूतिनारायण सिंह से साथ कई पदाधिकारी शामिल थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा के पुर्व प्रदेश महासचिव तथा वरिष्ठ नेता मुरली शर्मा अपने पार्टी कार्यकर्ताओं संग महान स्वरंत्रता संग्रामी बिरसा मुंडा जी का प्रतिमा पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दिए।
वैसे ही जोड़ा प्रखंड गुआली पंचायत का गंधलपदा में भारत सरकार का सांस्कृतिक मंत्रणालय और कलिंग इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंस (किस) का सहयोग से गंधलपदा आदिवासी हो समाज बिकास समिति द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसरपर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी तथा गुआली पंचायत के पूर्व सरपंच डबर मुंडा, सम्मानित अतिथि के रूप में टाटा स्टील फाउंडेशन के यूनिट हेड संजय सरदार और जोड़ा ब्लॉक के पुर्व अध्यक्ष गिरिधारी नायक उपस्थित थे। गंधलपदा आदिवासी हो समाज बिकास समिति के कार्यकर्ता और ग्रामीण मोह्जुद थे।

## ईस्ट कोस्ट रेलवे महाप्रबंधक द्वारा पुरी रेलवे स्टेशन की निगरानी और पुनर्विकास कार्य की समीक्षा



भुवनेश्वर: ईस्ट कोस्ट रेलवे के मुख्य संपादक श्री रूप नारायण सुनकर ने आज पुरी का दौरा किया और पुरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की.
श्री सुनकर ने पुरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए यात्रियों को प्रदान की जाने वाली बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों पर जोर दिया श्री सुनकर ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे इस बात पर ध्यान दें कि ये सुविधाएं सभी श्रेणियों के यात्रियों को कैसे प्रदान की जा सकती हैं उन्होंने यात्रियों की आरामदायक यात्रा के लिए स्टेशन के पुनर्विकास के साथ-साथ गरीब और निम्न आय वर्ग के यात्रियों को सुहैला जैसी यात्री सेवाएं उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए जरूरी विशाल मूविंग एरिया, कॉन्कोर्स, प्लेटफॉर्म, लाइटिंग, यात्री प्रतीक्षालय, शौचालय, एस्केलेटर, लिफ्ट आदि की उपलब्धता को प्राथमिकता दें।
समीक्षा बैठक में सुनकर ने परियोजना क्रियान्वयन प्रणाली में सुधार के लिए रेलवे अधिकारियों की प्रशंसा की इस बैठक में ईस्ट कोस्ट रेलवे के मुख्य परियोजना अधिकारी (निर्माण) श्री अमर प्रकाश द्विवेदी, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री आर. समीक्षा बैठक में राजा गोपाल एवं खुर्दा रोड रेलवे मंडल रेल संपादक श्री रिंकेश राय सहित मुख्यालय एवं रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया.

# प्रधान ने तोमर से ओडिशा सरकार द्वारा प्रस्तुत सीसीई डेटा की जांच करने का आग्रह किया



**भुवनेश्वर:** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से अनुरोध किया है कि वह ओडिशा सरकार द्वारा प्रस्तुत फसल कटाई प्रयोग डेटा (सीसीई) में हेराफेरी के आरोप की व्यक्तिगत रूप से जांच करें।
प्रधान ने तोमर को लिखे एक पत्र में उनसे पीएमएफबीवाई के कामकाज की जांच करने और राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा कथित कदाचार और पीएमएफबीवाई के तहत विशेष रूप से बारगढ़ जिले में निजी बीमा कंपनियों के आचरण की जांच करने का अनुरोध किया।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें २०२१ खरीफ सीजन के लिए पीएमएफबीवाई के तहत ओडिशा सरकार द्वारा सूचीबद्ध बीमा कंपनी मैसर्स एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा भुगतान किए गए बीमा की समीक्षा के लिए विभिन्न किसान समूहों से याचिकाएं मिली हैं।
उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि बरगढ़ जिले के पदमपुर, झारबांध, गैसीलोत, सोहेला और बीजापुर ब्लॉक में फसल बीमा की जिम्मेदारी सौंपी गई कंपनी ने २०२१ खरीफ के दौरान सूखे के कारण फसल के नुकसान के लिए बहुत कम बीमा राशि का भुगतान किया है।
प्रधान ने कहा, बीमा राशि का कम भुगतान, राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा दोषपूर्ण सीसीई डेटा और बीमा कंपनी द्वारा उपज डेटा में हेरफेर के कारण है।
उन्होंने आगे आरोप लगाया कि बीमा कंपनी और अधिकारियों के हितों के अनुरूप सीसीई डेटा अवैज्ञानिक तरीके से संचालित किया गया था और मामले की गहन जांच का अनुरोध किया।

## सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र द्वारा अक्टूबर में लागत जागरूकता अभियान संवेदीकरण" के तहत १५० से अधिक कार्मिक शामिल

राउरकेला: सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र के १२ विभागों के अधिकारियों सहित १६२ कर्मचारियों को अक्टूबर २०२२ के महीने में लागत जागरूकता अभियान में शामिल किया गया। जिन विभागों में कार्यक्रम आयोजित किया गया, उनमें पाइप प्लांट, स्टील मेल्टिंग शॉप-१ और २, कैल्सिनिंग प्लांट-२, एल.डी.बी.पी., हॉट स्ट्रिप मिल-१, कोक ओवन, सिंटरिंग प्लांट, ब्लास्टफर्नेस, प्लेट मिल, स्पेशल प्लेट प्लांट और न्यू प्लेट शामिल हैं।
लागत संवेदीकरण कार्यक्रम में दी गई जानकारी में आर.एस.पी. द्वारा सामना किए जा रहे मौजूदा मुद्दों जैसे बिक्री लागत लाभप्रदता, आयातित कोयले की लागत में वृद्धि औरइस्पात उत्पादों पर सीमा शुल्क लगाने आदि पर प्रकाश डाला गया। व्यक्तिगत विभागों केवास्तविक प्रदर्शन की तुलना में लागत में कमी की योजना ए.बी.पी. लक्ष्य, पिछले तीन वर्षों के तकनीकी-आर्थिक पैरामीटर और पिछले महीने के



निष्पादन के संबंध में लागत तुलना और भिन्नता विश्लेषण के विशेष संदर्भ में विचार-विमर्श के दौरान चर्चा की गई। बेहतर समग्र जानकारी के लिए प्रतिभागियों को उत्पाद लाभप्रदता विवरण भी समझाया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आर.एस.पी. के लाभ को बढ़ावा देने और प्रत्येक व्यक्ति को वांछित परिणाम प्राप्त करने में उसकी भूमिका का एहसास कराने में मदद करने के लिए अपरंपरागत स्रोतों के माध्यम से प्रक्रिया अनुकूलन, व्यय नियंत्रण और राजस्व सृजन करना है। इसका उद्देश्य चरणबद्ध तरीके से अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों को शामिल करना है। महा प्रबंधक, श्री पी.विजयन, उप महा प्रबंधक, श्री आर.आर.षडंगी, उप महा प्रबंधक, श्री के.के.वर्मा, सहायक महा प्रबंधक, श्री एन.सी.दास, प्रबंधक, श्री विश्वजीत पाल, प्रबंधक, श्री हरीश अग्रवाल और वित्त एवं विभाग के सहायक प्रबंधक, सुश्री सुमीत कौर द्वारा विभिन्न
स्थानों पर सत्र संचालित किए गए। इनमें से प्रत्येक सत्र की अध्यक्षता विभागाध्यक्षों द्वारा की गई। समग्र कार्यक्रम उप महा प्रबंधक, वित्त एवं लेखा, श्री एस.सी.साहू द्वारा संचालन किया गया।

# विप्र फाउंडेशन की महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच मनाया बाल दिवस

राजेश दाहिमा



राजगांगपुर:शहर की सुप्रसिद्ध संस्था विप्र फाउंडेशन की महिला सेल की अध्यक्षा श्रीमती सीमा उत्तम शर्मा के नेतृत्व में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर विप्र फाउंडेशन की महिला सेल की अध्यक्षा श्रीमती सीमा उत्तम शर्मा ने अपने अंदाज में उपस्थित आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से बहुत प्यार था।उनका कहना था कि देश का भविष्य में बच्चे ही है और इन्हें शिक्षा देने के साथ अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी अभिभावकों की है।
बच्चों का मनोबल और उत्साह बढ़ाने के मद्देनजर विप्र फाउंडेशन की महिला सेल की ओर से बच्चों के बीच मिठाई, स्टेशनरी समान सहित ढंग के मौसम में बच्चों को राहत प्रदान करने के लिए वेसलीन का वितरण किया गया।
इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन महिला सेल की उपाध्यक्ष ईशा शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीमती शोभा शर्मा, सचिव श्रीमती रोशनी चंदन शर्मा सहित अन्य सदस्य गण मौजूद रहकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### सहायक कार्यपालक अभियंता गिरफ्तार, छह करोड़ की संपत्ति का खुलासा

भुवनेश्वर: सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को मयूरभंजा जिले के उदला सब डिवीजन के आरडब्ल्यूएस एंड एस के सहायक कार्यकारी अभियंता रबी नारायण पांडा को उनके और उनके परिवार के कब्जे से छह करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति का पता चलने के बाद गिरफ्तार कर लिया। सदस्य।
पांडा को विशेष न्यायाधीश सतर्कता भुवनेश्वर की अदालत में भेज दिया गया।
सतर्कता सूत्रों ने कहा कि पांडा, उनके पति और बेटे के खिलाफ पीसी (संशोधन) अधिनियम, २०१८ द्वारा संशोधित धारा १३(२) आर/डब्ल्यू १३(१)(बी)/१२ पीसी अधिनियम, १९८८ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# जेएसडब्लू नुआगांव लौह अयस्क खान का पर्यावरण जनसुनवाई

केंदूझर:केंदूझर जिला गुआली पंचायत स्थित नुआगांव लौह अयस्क खदान के क्षमता विस्तार के लिए आगे की पर्यावरण मंजूरी के लिए जनसुनवाई हुई। नुआगांव खदान के आसपास के ग्रामीण मुलभुत सुबिधा शिक्षा, स्वस्थ, पेयजल, पक्की सड़क और प्रदुषण नियंत्रण की मांग कर सर्वसम्मति से जेएसडब्ल्यू स्टील का समर्थन किया। जेएसडब्ल्यू स्टील ने नुआगांव लौह अयस्क खदान के लिए २० एमटीपीए लौह अयस्क के उत्पादन के लिए पर्यावरण मूल्यांकन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें न्ट्रीनिंग, क्रशिंग ४५००टीपीएच सीपीयू और ३० एमटीपीए ग्राइंडिंग और बेनिफिशिएशन प्लांट के साथ कुल खुदाई २२.०१३ एमटीपीए है। इसके अलावा, एमएल क्षेत्र ७७६.९६९ (डीजीपीएस के अनुसार)/७६७.२८४ हेक्टेयर (आरओआर के अनुसार) पर ३० एमटीपीए स्लरी परिवहन प्रणाली होगी। नुआगांव, बारापाड़ा, गंधलपाड़ा, गुआली, काटेसाही , पारेडीपोसी, कोहलारुडुकेला, पांडुलिपोशी, तोपाडीही जैसे स्थानीय गांवों के निवासियों ने कंपनी का विस्तार करने के लिए अपनी रुचि व्यक्त की। जनसुनवाई का संचालन क्योंझर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्योंझर की अतिरिक्त जिलापाल सुसामा बिलुंग और एसपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कर ने किया। जन सुनवाई के दौरान, आसपास के गांवों के लगभग ११३ ग्रामीणों ने फोरम में बात की और उनमें से अधिकांश ने जेएसडब्ल्यू परियोजना का समर्थन किया। जनसुनवाई में २०० से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया।

लोगों ने क्षेत्र में आजीविका संवर्धन और सीएसआर गतिविधियों पर जोर दिया। कार्यक्रम स्थल पर राज्य सरकार को ६० लिखित अभ्यावेदन मिले। जेएसडब्ल्यू के अधिकारियों ने जनता को आने वाले दिनों में प्रभावित क्षेत्रों की चिंताओं को दूर करने का आश्वासन दिया।
प्रसिद्ध पर्यावरणविद नीलाद्रि मिश्रा और एसपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कार ने कंपनी द्वारा पर्यावरण शमन उपायों के लिए भविष्य के रोडमैप पर जोर दिया। खनन क्षेत्र का पर्यावरण एनजीओ नेटिव वौइस् लिखित में सुझाव दिए। जिस में बर्तमान में उत्खनन की मात्रा से चार गुना अधिक होगी, इस तरह प्रदुषण भी बढ़ेगी। इसलिए पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रणायालय एवं राज्य प्रदुषण नियंत्रण द्वारा जारी दिशानिर्देशों को शख्ती से पालन करने सुझाव दिए। साथ ही स्थानीय ट्रकों द्वारा परिवहन के लिए पर्याप्त मात्रा में खनिज उपलब्धता, स्थानीय नियुक्ति को प्राथमिकता और युवाओं के लिए कौशल विकाश का मांग रखा।

## रायपुर : युवा कांग्रेस का भारत जोड़ो युवा संकल्प समारोह २१ नवंबर को




रायपुर: प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने बुधवार को पत्रकारवार्ता के माध्यम से बताया जिस प्रकार देश में हमारे नेता राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। उस यात्रा में सद्भावना एकता की बात करते हुए भारत को जोड़ रहे हैं, उसी की तर्ज में हम २१ नवंबर को रायपुर राजधानी के इनडोर स्टेडियम में भारत जोड़ो युवा संकल्प समारोह का आयोजन किया है।

समारोह में पूरे प्रदेश से १५ हजार से अधिक युवा एकत्रित होकर संकल्प लेंगे और भारत को जोड़ने और एकता बनाए रखने के लिए अपने विधानसभा वार्ड और ब्लॉकस्तर तक जा कर यह संदेश को पहुंचाएंगे। इस समारोह में आने वाले २०२३ के विधानसभा चुनाव को कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने के लिए भी संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री भूपेश एवं मंत्रिमंडल, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी एवं प्रदेश पदाधिकारी, राष्ट्रीय के प्रभारी मौजूद रहेंगे।

आकाश शर्मा ने बताया कि जिला एवं विधानसभा स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारत जोड़ो युवा संकल्प समारोह के तख्तियों का प्रयोग करना एवं २१ नवंबर रायपुर चलो नारे का प्रयोग के भारत जोड़ो यात्रा के दौरान करना साथ ही वाल पेंटिंग एवं फ्लैक्स लगवाना, सोशल मीडिया के माध्यम से सभी जगह कार्यक्रम की जानकारी को अच्छी तरह से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। १८ तारीख से आप सभी को सोशल मीडिया प्लेटफार्म हेतु प्रोफाइल पिक प्रदान की जायेगी। १९ नवंबर को जिलास्तरीय मोटरसाइकिल रैली निकाल के २१ को रायपुर चलो, भारत जोड़ो के नारों के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा।

आकाश ने बताया कि भारत जोड़ो युवा संकल्प समारोह कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ के युवा कांग्रेस के २५ हजार से अधिक कार्यकर्ता रायपुर के इंडोर स्टेडियम में एकत्रित होंगे। इस अवसर पर समारोह में सर्वश्रेष्ठ जिला एवं विधानसभा को सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला, गुलजेब अहमद, तुषार गुहा, मानव देशमुख उपस्थित रहे।

## भानुप्रतापपुर की जनता उप चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने जा रही-भाजपा

रायपुर/भानुप्रतापपुर, १६ नवंबर (हि.स.)।कांकेर सांसद मोहन मंडावी, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर , कांकेर जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया ने बुधवार को भानुप्रतापपुर में प्रेस वार्ता लेकर कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार में आदिवासी समाज का आरक्षण ३२ से घटकर २० प्रतिशत हो गया है।साथ-साथ पिछड़ा वर्ग को भी आरक्षण के नाम पर गुमराह किया।भाजपा नेताओं ने कहा कि भानुप्रतापपुर की जनता उप चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने जा रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आदिवासी समाज के आरक्षण को रोकने की याचिका लगाने वाले को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है ,वही पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को रोकने वाले को राज्य मंत्री का दर्जा कांग्रेस सरकार ने दिया है। सरकार का यह रवैया साफ बताता है कि ना तो वे आदिवासी वर्ग के साथ है, ना पिछड़ा वर्ग के साथ हैं।

आज जब आदिवासी आरक्षण के विषय पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अपना पक्ष सुप्रीम कोर्ट में मजबूती के साथ रखने की आवश्यकता है ,उस समय भानुप्रतापपुर में चुनाव को सामने देखकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार विधानसभा बुलाने का दिखावा कर आदिवासियों को भरमाने की कोशिश कर रही है।

कांग्रेस सरकार आरक्षण विरोधी सरकार है इस सरकार का हर मंत्री, हर विधायक, केवल जनता के अधिकार छीनने और उनके उत्पीड़न के लिए कार्य करता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब से कांग्रेस की सरकार प्रदेश में आई है पिछले ४ वर्षो में भानुप्रतापपुर में अघोषित बिजली कटौती के हालात हैं।भानुप्रतापपुर में स्वास्थ्य व्यवस्था एकदम लचर हो गई है। छोटी सी समस्या में भी मरीज को जिला मुख्यालय जाना पड़ता है।भानुप्रतापपुर में भाजपा द्वारा बनाए गए स्वास्थ्य केंद्र भी सुचारू रूप से नहीं चल पा रहे हैं मरीजों को इलाज में अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।पूरे प्रदेश के समान भानुप्रतापपुर में भी प्रधानमंत्री आवास योजना को रोक कर जरूरतमंदों के मकान बनने नही दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने हर घर में नल लगवाने के लिए जो पैसे भेजे राज्य की कांग्रेस सरकार ने ना घर बनने दिया ना बने हुए घरों में न लगने दिया।वन विभाग में धांधली चरम पर है कैम्पा मद के पैसे का लगातार दुरुपयोग चल रहा है हालत यह है कि डीएफओ के खिलाफ खुद कांग्रेस के पदाधिकारी को आंदोलन करना पड़ा।

कि कांग्रेस के संरक्षण में धर्मांतरण का षड्यंत्र चल रहा है। आदिवासियों से उनकी संस्कृति छीनी जा रही है और सरकार कार्यवाही करने की जगह धर्मांतरण करने वाले लोगों का साथ दे रही है।भाजपा नेताओं ने कहा क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस को बहुमत देकर जनप्रतिनिधि चुना था यह ठेकेदार और खनन माफिया बन गए।

सीएमडीसी, मोनेट माईनस, चेमल माईनस, हाहालद्दी व चारामा महानदी रेत खदान, सारे माइंस के वैध अवैध ठेके कांग्रेसी नेताओं के संरक्षण में चल रहे हैं।

अवैध ट्रांसपोर्टेशन के कारण सड़कों के बुरे हाल है, स्थानीय व्यक्तियों के अधिकार के हनन व विभिन्न स्थानीय मुद्दों को लेकर लगातार क्षेत्र के ग्रामीण आंदोलनरत रहते हैं पर उनकी कहीं सुनवाई नहीं होती। कांकेर से होकर भानूप्रतापपुर, भानु - अंतागढ़ व भानु - चारामा सड़कों का बुरा हाल है। एक वर्ष पूर्व बने चारामा -भानु मार्ग उखड़ने लगा है। भाजपा नेताओं ने प्रेस वार्ता में बताया कि भाजपा अपने १५ वर्षों के विकास कार्य व ४ वर्षों के कांग्रेसी सरकार की नाकामी को लेकर जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा अब राज्य की जनता कांग्रेस सरकार से त्रस्त हो चुकी है। जनता ने यह महसूस कर लिया है कि उन्हें राज्य की कांग्रेस सरकार ने बुरी तरीके से ठगा है। अब वह पुनः भाजपा को वोट कर विकास चाहती है

# रायपुर : हर नवजात की सुरक्षा जरूरी : डॉ.मिथिलेश चौधरी

रायपुरः शिशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के प्रति जन-जागरुकता के लिए नवजात शिशु सप्ताह का शुभारंभ बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी द्वारा जिला मातृ एवं शिशु अस्पताल कालीबाड़ी में किया गया। इस सप्ताह का उद्देश्य लोगों को नवजात शिशुओं की देखभाल और उनके बेहतर स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने कहा कि 9" इस बार राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह को 'सुरक्षा, गुणवत्ता और पोषण देखभाल-हर नवजात शिशु का जन्म अधिकार' की थीम पर मनाया जा रहा है। नवजात स्वास्थ्य के महत्व को सुदृढ़ करना और नवजात अवधि में शिशुओं के लिए स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति में सुधार कर शिशु मृत्यु दर को कम करना है। बच्चे की नवजात काल की अवधि (जीवन के पहले अठाईस दिन) महत्त्वपूर्ण होती है, क्योंकि नवजात की इस अवधि में किसी अन्य अवधि की तुलना में नवजात को जोखिम अधिक होता है। इसलिए इस सप्ताह के तहत ग्रामों में मितानिन, एएनएम द्वारा गृह भेंट के दौरान शिशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएगा। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों के परिजनों को शिशु की उचित देखभाल, कंगारू मदर केयर विधि, माँ का दूध पिलाने के संबंध में समझाइश दी जाएगी। एसएनसीयू यूनिट में सभी स्टाफ द्वारा नवजात शिशुओं के परिजनों को भी जागरूक किया जाएगा। नवजात शिशु सप्ताह के दौरान बच्चों का वजन लेना,निमोनिया से बचाव और लक्षण के प्रति जागरूकता, तापमान लेने संबंधी कार्य किये जायेंगे।"

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. पीके गुप्ता ने कहा कि "इस सप्ताह के दौरान नवजात शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण समस्त जिला अस्पताल की ओ.पी.डी. में किया जायेगा, जिले में संचालित समस्त एसएनसीयू/ एनबीएसयू / एनबीसीसी के गुणवत्तापूर्ण संचालन पर भी जोर दिया जाएगा। एसएनसीयू से डिस्चार्ज हुए बच्चों का समुदाय स्तर पर फॉलो-अप किया जाएगा। संस्थागत जन्मे सभी बच्चों की विकृति के संबंध में परीक्षण कर समय पर उपचार किया जाएगा। बच्चों में निमोनिया की रोकथाम के लिए प्रारंभ हुए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम न्यूमोकोकल कॉन्ज्युगेट वैक्सीन अभियान के तीन डोज जन्म के एक वर्ष के भीतर बच्चों को दिया जा रहा है। एमएमआर (मातृ मृत्यु दर) को भी कम करना है।

नवजात शिशु की समुचित देखभाल के लिए जरूरी है कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया जाए। प्रसव के बाद ४८ घंटे तक मां एवं शिशु की उचित देखभाल के लिए अस्पताल में रुकें। नवजात को तुरंत न नहलायें केवल शरीर पोंछकर नर्म साफ़ कपड़े पहनाएं। जन्म के एक घंटे के भीतर माँ का गाढ़ा पीला दूध अवश्य पिलाना शुरू करें, छह माह तक सिर्फ और सिर्फ स्तनपान कराया जाए। जन्म के तुरंत बाद नवजात का वजन लें। नियमित रूप से सम्पूर्ण टीकाकरण कराए। नवजात की नाभि सूखी एवं साफ़ रखें, ताकि संक्रमण से बचाएं और माँ और शिशु की भी व्यक्तिगत स्वच्छता का ख्याल रखें। कम वजन और समय से पहले जन्में बच्चों पर विशेष ध्यान दें। शिशु का तापमान स्थिर रखने के लिए कंगारू मदर केयर (केएमसी) की विधि अपनाएँ। शिशु जितनी बार चाहे दिन या रात में बार-बार स्तनपान कराए।

## व्यापार

# वैश्विक दबाव के बावजूद ५२ सप्ताह के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचा सेंसेक्स

नई दिल्लीः मौजूदा कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव के साथ सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। वैश्विक दबाव के बावजूद सेंसेक्स आज ५२ सप्ताह के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचने में सफल रहा। दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स ६२,०५२.५७ अंक की ऊंचाई तक पहुंचा। इसके पहले पिछले साल १९ अक्टूबर को सेंसेक्स ने ६२,२४५.४३ अंक तक पहुंच कर ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया था। इस सूचकांक ने आज ६२ हजार अंक के स्तर को पार करने में तो जरूर सफलता पाई, लेकिन अपने ऑल टाइम हाई के रिकॉर्ड तक नहीं पहुंच सका।

प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों के बीच आज घरेलू शेयर बाजार में लगातार लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल सीमित दायरे में ही कारोबार करते हुए लगातार उतार-चढ़ाव वाली बनी रही। आखिरी १ घंटे के कारोबार में हुई खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स ने ६१,९८०.७२ अंक के स्तर पर बंद होकर क्लोजिंग के ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान रेलवे, शुगर और डिफेंस सेक्टर के शेयरों में ओवरऑल तेजी का रुख बना रहा। इसके साथ ही आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में भी छिटपुट खरीदारी होती रही। दूसरी ओर रियल्टी और मेटल सेक्टर के ज्यादातर शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों पर भी पूरे दिन के कारोबार के दौरान दबाव बना रहा।

दिन भर हुई खरीद बिक्री के दौरान स्टॉक मार्केट में आज १,९९६ शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से ७५१ शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में बंद हुए, जबकि १,२४५ शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल ३० शेयरों में से १६ शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में और १४ शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी में शामिल ५० शेयरों में से २० शेयर हरे निशान में और ३० शेयर लाल निशान में बंद हुए।

कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज गिरावट के साथ कारोबार की शुरुआत की। सेंसेक्स १६४.३६ अंक की कमजोरी के साथ ६१,७०८.६३ अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा।

सुबह १० बजे के बाद शेयर बाजार में तेज खरीदारी शुरू हो गई, जिसकी वजह से दोपहर १२ बजे के थोड़ी देर पहले सेंसेक्स १७९.५८ अंक की मजबूती के साथ ६२ हजार अंक के स्तर को पार करके ५२ सप्ताह के सर्वोच्च स्तर ६२,०५२.५७ अंक तक पहुंच गया। बीएसई के इतिहास में दूसरी बार सेंसेक्स ६२ हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। हालांकि बाजार में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव की वजह से सेंसेक्स इस ऊंचाई पर कायम नहीं रह सका और बिकवाली का शिकार होकर एक बार फिर लाल निशान में पहुंच गया। कारोबार के आखिरी १ घंटे में खरीदारों ने एक बार फिर जोर लगाया, जिसकी वजह से ये सूचकांक १०७.७३ अंक की मामूली बढ़त के साथ क्लोजिंग का ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड बनाते हुए ६१,९८०.७२ अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी आज ५.१५ अंक की मामूली गिरावट के साथ १८,३९८.२५ अंक के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही निफ्टी में गिरावट का रुख बना। बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक लुढ़क कर १८,३५४.७० अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि आधे घंटे के कारोबार के बाद ही बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिससे निफ्टी भी निचले स्तर से रिकवरी करने लगा। बाजार में खरीदारी का ये दौर दोपहर १२ बजे तक जारी रहा, जिसकी वजह से निफ्टी ३८.७५ अंक की मजबूती के साथ आज के सर्वोच्च स्तर १८,४४२.१५ अंक तक पहुंच गया। हालांकि दिन के दूसरे कारोबारी सत्र में लगातार बिकवाली का दबाव बने रहने की वजह से निफ्टी एक बार फिर गिर कर लाल निशान में पहुंच गया। दोपहर २:३० बजे के बाद बाजार को एक बार फिर खरीदारों का सपोर्ट मिला, जिसकी वजह से ये सूचकांक ६.२५ अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ १८,४०९.६५ अंक के स्तर पर आज का कारोबार खत्म करने में सफल रहा।

दिनभर की खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोटक महिंद्रा २.८० प्रतिशत, कोल इंडिया १.१८ प्रतिशत, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज १.०७ प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक ०.८६ प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनिलीवर ०.८३ प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप ५ गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर अपोलो हॉस्पिटल २.८८ प्रतिशत, अडाणी इंटरप्राइजेज २.४९ प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स २.१६ प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज २.०८ प्रतिशत और जेएसडब्ल्यू स्टील १.९५ प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप ५ लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## अरविंद विरमानी नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त



नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने देश के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद विरमानी को नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है।

कैबिनेट सचिवालय की ओर से बुधवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने अरविंद विरमानी को नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया है। देश के पूर्व आर्थिक मुख्य आर्थिक सलाहकार रह चुके विरमानी फाउंडेशन ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ एंड वेलफेयर के संस्थापक चेयरमैन हैं।

अरविंद विरमानी ने वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार के तौर पर २००७ से लेकर २००९ तक काम किया है। इसके साथ ही वह फरवरी, २०१३ से अगस्त, २०१६ तक मौद्रिक नीति पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे हैं।

## ट्विटर की ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस २९ नवंबर को दोबारा होगी लॉन्च

*नई दिल्ली: सोशल मीडिया साइट ट्विटर की ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस २९ नवंबर को दोबारा लॉन्च होगी। ट्विटर के नए बॉस एलन मस्क ने इसका ऐलान किया है। इससे पहले मस्क ने कहा था कि इस हफ्ते के आखिर तक इस सर्विस को रिलॉन्च किया जाएगा।*

*मस्क की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह रॉक सॉलिड है, २९ नवंबर को ब्लू वेरिफाइड को रिलॉन्च किया जा रहा है। ट्विटर में बड़े पैमाने पर छंटनी और भारत और कुछ देशों में इसकी स्पीड कम होने और स्लो चलने के आरोप पर मस्क ने जवाब दिया है। एलन मस्क ने माना है कि हां ऐसा है और मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।*

*उल्लेखनीय है कि ट्विटर पर ब्लू चेक मार्क पहले राजनेताओं, प्रसिद्ध हस्तियों, पत्रकारों और अन्य सार्वजनिक हस्तियों के वेरिफाइड अकाउंट के लिए रिजर्व रखा गया था। अब इसे ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस में जोड़*



*दिया गया है, जिसे कोई भी व्यक्ति पेमेंट कर इसको ले सकेगा। मस्क ने ट्विटर का अधिग्रहण करने के तुरंत बाद इस सर्विस को कुछ देशों में ८ डॉलर प्रति महीने के शुल्क पर लॉन्च किया था लेकिन फेक अकाउंट बढ़ने के चलते इसे होल्ड कर दिया गया।*

## कोटक महिंद्रा बैंक ने एमसीएलआर दर ०.२० फीसदी घटाई, नई दरें लागू




नई दिल्ली:निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में बदलाव किया है। बैंक ने विभिन्न अवधि के लिए एमसीएलआर दर ०.२० फीसदी घटा दी है। नई दरें बुधवार से लागू हो गई है।

बैंक के मुताबिक एक साल की अवधि के लिए एमसीएलआर दर ८.७५ फीसदी से घटाकर ८.५५ फीसदी कर दिया गया है। इसी तरह बैंक की एक दिन से लेकर तीन साल तक की अन्य अवधि के लोन के लिए संशोधित एमसीएलआर दरें ७.८० फीसदी से ९.०५ फीसदी के दायरे में हैं।

कोटक बैंक ने अपनी वेबसाइट पर जारी सूचना में कहा कि संशोधित एमसीएलआर दरें १६ नवंबर से प्रभावी हो गई हैं। बैंक मासिक आधार पर अपनी एमसीएलआर दरों की समीक्षा करते हैं। बैंक ऑटो, होम और व्यक्तिगत लोन जैसे ज्यादातर ऋणों के लिए एक साल की अवधि वाली एमसीएलआर दर का इस्तेमाल करते हैं।

Printed by Abinash Mishra Published by Abinash Mishra on behalf of (or owned) by Padmalaya Mishra And Printed at M/S Durga Madhav Printers, At-Bajrakabati Road Po-Buxibazar, Cuttack-1 Dist-Cuttack ODISHA)
Published at Thatari Sahi,Chauligang Po-Nayabajar, Cuttack-4, Dist-Cuttack ODISHA). **Editor-Abinash Mishra** Mob-9437045332 email:mahanadisuperfast20@gmail.com,

**मुद्रक अविनाश मिश्र तथा प्रकाशक अविनाश मिश्र दबारा(स्वामी का नाम ) पद्मालया मिश्र (मुद्रण स्थल) से मुद्रति तथा दुर्गा माधब प्रीण्टर्स आट-बज्रक बाटी रोड , बक्सीबजार ,कटक -1 ( प्रकाशन स्थल ) से प्रकाशीत थाटरी साही , चाउलीआ गंज ,कटक -753004 संपादक : अविनाश मिश्र**

**Bhubaneswar Office: Plot-493,Sarathi Market Complex, Govinda Prasad,BomikhalBhubaneswar-10**